# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

**एडजेसेंट नवनीतिअपार्टमेंट ,आई.पी.एक्सटेंशन,**

**पटपडगंज,दिल्ली - ११००९२**

**सत्र: २०२५-२६** | **कक्षा:-तीन** | **विषय:हिंदी** | **पाठ: ४ (सचाई)**

## कठिन शब्द

१. गुरुजी

२. गणित

३. होशियार

४. सवाल

५. चकित

६. प्रशंसा

७. गृहकार्य

८. माथापच्ची

९. जवाब

१०. स्वरुप

११. पुरस्कार

१२. स्वयं

प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्रश्न -१. गुरुजी क्यों चकित थे ?

उत्तर -   गोपाल के सभी सवाल सही देखकर गुरुजी चकित हो गए।

प्रश्न -२. गोपाल को कलम देते हुए गुरुजी ने क्या कहा ?

उत्तर -  गोपाल को कलम देते हुए गुरुजी ने कहा कि "बेटा मैं तुमसे बहुत प्रसन्न हूँ और यह कलम तुम्हें पुरस्कार स्वरूप  देता हूँ।"

प्रश्न -३. गोपाल को पुरस्कार क्यों मिला ?

उत्तर -  गोपाल को उसकी सच्चाई के लिए पुरस्कार मिला।

प्रश्न -४. इस कहानी से आपको क्या सीख मिलती है ?

उत्तर - इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हमें कभी झूठ नहीं बोलना चाहिए। ईमानदारी और सच्चाई के रास्ते पर चलना चाहिए।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए -

१. सवाल - प्रश्न

वाक्य - गोपाल ने सभी सवाल आसानी से हल कर लिए।

२.चकित - हैरान

वाक्य -  पुराने सामान से बने  शोपीस देखकर सभी चकित हो गए।

३. पुरस्कार - इनाम

वाक्य - मीना की बहादुरी देखकर सभी ने उसे पुरस्कार दिया।

४. प्रशंसा - तारीफ़

वाक्य - गुरुजी ने पीठ थपथपा कर गोपाल की तारीफ़ की।